दिन–सोमवार	दिनांक– 12 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।	अवधिः– 05 मिनट

जहानाबाद के मखदुमपुर प्रखंड में वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुई भगदड़ की घटना में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गयी है। इस हादसे में सोलह लोग घायल हो हुए हैं। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि मृतकों में पांच महिला और दो पुरूष शामिल हैं। जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गयी है। जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि रात करीब एक बजे स्थानीय विक्रेताओं और श्रद्धालुओं के बीच किसी मुद्दे पर विवाद के बाद भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर काफी संकरी जगह पर स्थित है और भगदड़ के कारण भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गयी। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आपदा प्रबंधन की ओर से मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये देने की घोषणा की है। इधर, रोहतास के सासाराम चौसा पथ पर बक्सर से गंगाजल लेकर पैदल गुप्ता धाम जा रहे छह कांवरियां एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से घायल हो गये हैं। घायलों का सासाराम सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————————————

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से हुयी मुठभेड़ में सारण जिले के दीपक कुमार यादव ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। वे सेना में हवलदार पद पर तैनात थे। छपरा के लौवाकला गांव के निवासी थे। उनका पार्थिव शरीर अब से कुछ देर पहले पटना एयरपोर्ट पहुँचा जहाँ उन्हें सेना के अधिकारियों और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। शहीद का अंतिम संस्कार उनके गांव मे राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा।

———————————————————————————

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हथकरघा और हस्तशिल्प की घरेलू बिक्री और निर्यात बढ़ाने के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं। नई दिल्ली में हैंडलूम एक्सपो का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि अब हथकरघा कारीगरों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि वे नए डिजाइन पेश कर सकें। हथकरघा के प्रति युवा पीढ़ी की प्रतिक्रिया के बारे में उन्होंने कहा कि विभिन्न डिजाइन और डेनिम रेशम युवा पीढ़ी के लिए एक फैशन बन गया है। श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र में भारत की कुल नब्बे प्रतिशत हिस्सेदारी है और पैंतीस लाख से अधिक परिवार इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। हर घर तिरंगा अभियान के तहत उन्होंने कारीगरों को राष्ट्रीय झंडे बांटे और सभी से इस अभियान में भाग लेने की अपील की।

———————————————————————

आज सावन की चौथी सोमवारी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवरियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इधर, मंदिरों और उसके आस—पास श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। कई जिलों में मंदिरों के आस—पास मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों का परिचालन रोक दिया गया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की पच्चीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक

सौ तेरहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोगों से विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर– **एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य** पर आमंत्रित हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की तेईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

———————————————————————

समाप्त